*एनबीएफसी क्षेत्र की सतत संवृद्धि के लिए सार्थक आश्वासन कार्य अपनाना**

स्वामीनाथन जे.

उप गवर्नर श्री राव, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के आश्वासन कार्यों के प्रमुख, और भारतीय रिज़र्व बैंक के मेरे सहकर्मीगण। आप सभी को सुप्रभात।

भारतीय रिज़र्व बैंक नियमित रूप से अपने पर्यवेक्षित निकायों के साथ अभिशासन और आश्वासन कार्यों के मामलों पर संवाद करता रहा है, जिससे मजबूत संगठनात्मक अभिशासन के महत्व और वित्तीय क्षेत्र की निरंतर स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया जाता रहा है। जोखिम प्रबंधन, अनुपालन और आंतरिक लेखा परीक्षा जैसे आश्वासन कार्य, संरक्षक के रूप में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि विनियमित निकाय सुदृढ़, सुरक्षित, विनियामक और कानूनी सीमाओं के भीतर और नैतिक रूप से संचालित हो। आश्वासन कार्यों के प्रमुखों के लिए आज का सम्मेलन हमारे प्रयासों का एक विस्तार है, जो वित्तीय इकाई के साथ-साथ समग्र वित्तीय प्रणाली की मजबूती और लचीलापन सुनिश्चित करने में इन कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है।

भारतीय वित्तीय क्षेत्र में एनबीएफसी की भूमिका तेजी से बढ़ रही है और ऋण पोर्टफोलियो में उनकी हिस्सेदारी पिछले तीन वर्षों में काफी बढ़ गई है। सिर्फ़ एक दशक पहले, 2013 में, एनबीएफसी द्वारा दिया गया कुल ऋण बैंक ऋण के परिमाण का लगभग छठा हिस्सा था। हालाँकि, यह अनुपात बढ़कर एक-चौथाई हो गया है1, जो बैंकों की तुलना में एनबीएफसी द्वारा ऋण वितरण में उल्लेखनीय तेजी को दर्शाता है। वास्तव में, एनबीएफसी कई वंचित क्षेत्रों, विशेष रूप से छोटे व्यवसायों और परिवारों के लिए एक पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरे हैं, क्योंकि वे संपर्क और ग्राहक-अनुकूल ऋण-समाधान प्रदान करने की क्षमता रखते हैं। इसके अलावा, एनबीएफसी ने अपनी पहुँच और ऋण वितरण प्रक्रिया को और तेज़ और सुव्यवस्थित करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी को अपनाया है। लेकिन इसने कुछ प्रणालीगत जोखिम, जटिलता और अंतर्संबंध भी लाए हैं। यही कारण है कि रिज़र्व बैंक हाल ही से इस क्षेत्र के प्रति पहले की तुलना में अधिक सतर्क है।

इसलिए, आज मेरे भाषण का विषय सतत संवृद्धि के लिए आश्वासन कार्यों की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर केंद्रित होगा। जैसे-जैसे एनबीएफसी आकार और जटिलता दोनों में विस्तार कर रहे हैं, उन्हें संभावित जोखिमों और कमजोरियों पर निरंतर निगरानी बनाए रखने के लिए अभिशासन और आश्वासन कार्यों को मजबूत करना होगा। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं के महत्व को दरकिनार करके तेजी से संवृद्धि और प्रौद्योगिकी को अपनाया न जाए।

मैं यहाँ यह भी बताना चाहूँगा कि एनबीएफसी एक गतिशील और चुनौतीपूर्ण माहौल में काम करते हैं, जहाँ उन्हें कई तरह के जोखिमों का सामना करना पड़ता है जो उनकी स्थिरता और परिचालन सुदृढ़ता को प्रभावित कर सकते हैं। मैं इनमें से सिर्फ़ तीन पर प्रकाश डालना चाहूँगा, जो मुझे लगता है कि विशेष ध्यान देने योग्य हैं।

साइबर सुरक्षा और परिचालन जोखिम

आज के डिजिटल युग में, साइबर सुरक्षा खतरा एक महत्वपूर्ण परिचालन जोखिम है। कठोर वास्तविकता यह है कि साइबर अपराधी को केवल एक बार सफल होने की आवश्यकता होती है, जबकि संगठनों को हमेशा सतर्क और लचीला रहना होता है। एनबीएफसी द्वारा सामना किए जाने वाले प्राथमिक साइबर सुरक्षा जोखिमों में से एक डेटा लीक और संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुँच का खतरा है। मैलवेयर संक्रमण, फ़िशिंग घोटाले और रैनसमवेयर हमलों सहित साइबर हमलों के अन्य रूप भी हैं। ये हमले संचालन को बाधित कर सकते हैं, सिस्टम और डेटा गोपनीयता भंग कर सकते हैं और जबरन वित्तीय वसूली या महत्वपूर्ण जानकारी के नुकसान का कारण बन सकते हैं। साइबर सुरक्षा जोखिमों को कम करने के लिए,

* श्री स्वामीनाथन जे., उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक, का भाषण - 15 मई 2024 को मुम्बई में आयोजित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के बीमा प्रमुखों के सम्मेलन में।

[1] 31 मार्च 2023 तक।

एनबीएफसी को साइबर सुरक्षा के लिए एक सक्रिय और व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। इसमें मजबूत साइबर सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं को लागू करना, नियमित जोखिम आकलन और भेद्यता स्कैन करना शामिल है। फ़ायरवॉल, एन्क्रिप्शन और घुसपैठ का पता लगाने वाले सिस्टम, जैसे उन्नत सुरक्षा प्रौद्योगिकी उपकरणों का उपयोग करना अपरिहार्य है। इसके अलावा, कर्मचारियों के लिए निरंतर आधार पर साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए। जोखिम प्रबंधन और आंतरिक लेखा परीक्षा कार्यों में तत्काल अपनी कुशलता विकसित करनी होगी ताकि वे समय-समय पर अपनी संस्थाओं के आईटी और साइबर सुरक्षा नीति और तैयारियों का आकलन करने में सक्षम हो सकें।

रूल-आधारित ऋण मॉडलों से ऋण जोखिम

कई एनबीएफसी अपने ऋण पोर्टफोलियो के विकास में तेजी लाने के लिए रूल-आधारित क्रेडिट इंजन की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। जहाँ स्वचालन, दक्षता और मापनीयता को बढ़ा सकता है, एनबीएफसी को इन मॉडलों से खुद को अनभिज्ञ नहीं रखना चाहिए। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि रूल-आधारित क्रेडिट इंजन केवल डेटा और मानदंडों के अनुसार ही प्रभावी होते हैं, जिनपर वे बनाए गए हैं। परंपरागत डेटा या एल्गोरिदम पर अत्यधिक निर्भरता क्रेडिट मूल्यांकन में चूक या अशुद्धि का कारण बन सकती है, विशेष रूप से गतिशील या विकसित बाजार स्थितियों में। इसलिए, एनबीएफसी को अपनी क्षमताओं और सीमाओं पर स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, साथ ही क्रेडिट स्कोरिंग मॉडल की निरंतर निगरानी और सत्यापन भी करना चाहिए। पर्यवेक्षित संस्थाओं पर यह दायित्व है कि वे वास्तविक समय की सीख और उभरते परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए रूल इंजन और मॉडल को समय-समय पर सुनिर्धारित करते रहें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि मॉडल हर समय प्रासंगिक बने रहें, इन मॉडलों को समय-समय पर आंतरिक या बाहरी रूप से वैलिडेट करना भी अनिवार्य है। मैं यहाँ जोखिम और आंतरिक लेखा परीक्षा के प्रमुखों से इस आवश्यकता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान करना चाहूँगा।

मैं यह भी चाहूंगा कि जोखिम कार्य के प्रमुख अपने व्यवसाय मॉडल पर ध्यान दें जो उनके द्वारा निरंतर उपयोग लाया जा रहा है और साथ ही समय-समय पर पोर्टफोलियो मिश्रण को स्कैन करें ताकि किसी भी संभावित जोखिम - जैसे कि संकेंद्रण जोखिम - को रोका जा सके। ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश एनबीएफसी में एक ही तरह के काम को और अधिक करने की चाहत है, जैसे कि खुदरा असुरक्षित ऋण, टॉप अप लोन या पूंजी बाजार फंडिंग। ऐसे उत्पादों पर अत्यधिक निर्भरता बाद में किसी समय संकट ला सकती है। यह भी देखा गया है कि कुछ संस्थाओं में कुछ निश्चित श्रेणी के उत्पादों या खंडों, जैसे कि असुरक्षित ऋण, के लिए जो जोखिम सीमाएँ तय की गई हैं, वे लंबे समय तक धारणीय नहीं हैं। मुझे उम्मीद है कि जोखिम प्रबंधक ऐसे जोखिमों का पेशेवर मूल्यांकन करेंगे जो उनके खातों में बन रहे हैं।

जोखिम कार्यों की प्रभावशीलता पर आगे बढ़ते हुए, मैं यह दोहराना चाहूंगा कि बोर्ड के समक्ष आपके आंतरिक प्रस्तुतीकरण में जोखिम प्रबंधन में दूरदर्शी विचारों को शामिल करना अनिवार्य है। संस्थाओं को आरंभिक चेतावनी प्रणाली, दबाव परीक्षण क्षमताओं, भेद्यता आकलन, साइबर प्रमुख जोखिम संकेतकों की निगरानी, केवाईसी/एएमएल मानदंडों के अनुपालन के लक्षित मूल्यांकन और लेनदेन निगरानी क्षमताओं में भी निवेश करने की आवश्यकता है।

चलनिधि जोखिम

प्रमुख जोखिमों में से एक है फंडिंग स्रोतों की संकेंद्रता और परिपक्वता बेमेल से उत्पन्न होने वाले चलनिधि जोखिम। सीमित संख्या में फंडिंग स्रोतों पर निर्भरता चलनिधि की कमजोरियों को बढ़ा सकती है, खासकर बाजार में दबाव या फंडिंग चैनलों में व्यवधान की अवधि के दौरान। इसके अलावा, आस्तियों और देयताओं के बीच परिपक्वता बेमेल चलनिधि जोखिम को बढ़ा सकता है, जिससे एनबीएफसी को फंडिंग की कमी या रोलओवर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। फंडिंग स्रोतों के विविधीकरण, पर्याप्त चलनिधि बफर बनाए रखने, परिपक्वता प्रोफाइल की निगरानी और आकस्मिक निधि सहित विवेकपूर्ण चलनिधि प्रबंधन अभ्यास चलनिधि जोखिमों को कम करने और निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं। इसके अतिरिक्त, दबाव परीक्षण और परिदृश्य विश्लेषण एनबीएफसी को प्रतिकूल चलनिधि आघातों के प्रति

अपनी सुदृढ़ता का आकलन करने और सक्रिय रूप से चलनिधि जोखिमों का प्रबंधन करने में मदद कर सकता है।

यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहाँ हम देखते हैं कि अधिकांश संस्थाओं में आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य, चलनिधि जोखिम प्रबंधन से संबंधित विभिन्न सांविधिक अनुपातों की गणना में जाने वाली मान्यताओं और इनपुट की समय-समय पर लेखा परीक्षा करने की आवश्यकता को पूरा नहीं करते हैं। हम यह भी देखते हैं कि कुछ बड़ी एनबीएफसी में भी, उनके मिड-ऑफिस और बैक-ऑफिस कार्यों में क्षमता निर्माण की कमी है, जो एएलएम और चलनिधि जोखिम के आकलन और निगरानी को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है।

आश्वासन कार्यों पर अपर्याप्त ध्यान और स्वायत्तता

जोखिमों की बढ़ती जटिलता के बीच, यह देखना निराशाजनक है कि एनबीएफसी में वाणिज्यिक और सहकारी बैंकों जैसे अन्य क्षेत्रों की तुलना में उनके आकार के सापेक्ष अनुपालन कर्मचारियों की औसत संख्या सबसे कम है। इन कार्यों की स्वायत्तता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विनियामक उपायों के बावजूद, ऐसे उदाहरणों का सामना करना निराशाजनक है, जहां आश्वासन कार्यों के प्रमुखों को पदानुक्रम के भीतर कनिष्ठ पद दिए जाते हैं या बोर्ड तक सीधी पहुंच की कमी होती है। इसके अलावा, अन्य भूमिकाओं के साथ दोहरी भूमिका निभाने के उदाहरण भी देखे गए हैं। इस तरह की प्रथाएं आश्वासन कार्यों की प्रभावशीलता और स्वतंत्रता को कमजोर करती हैं और संभावित रूप से एनबीएफसी को जोखिमों के प्रति कमज़ोर बनाती हैं, जिससे विनियामकीय जांच बढ़ जाती है।

इसलिए, आश्वासन कार्यों की स्वायत्तता पवित्र है और इस मोर्चे पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जिम्मेदारियों का स्पष्ट चित्रण और स्वायत्तता के लिए एक मजबूत ढांचा आपकी भूमिकाओं की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। यह जरूरी है कि एनबीएफसी अपने अभिशासन ढांचे को मजबूत बनाने को प्राथमिकता दें, यह सुनिश्चित करते हुए कि आश्वासन कार्यों के प्रमुखों को संगठनात्मक पदानुक्रम के भीतर उचित रूप से लागू किया जाए और उन्हें बोर्ड तक सीधी पहुंच प्रदान की जाए। इससे न केवल आश्वासन कार्यों की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बढ़ेगी बल्कि एनबीएफसी के समग्र जोखिम प्रबंधन ढांचे को भी मजबूती मिलेगी।

यद्यपि हमने बैंकों और एनबीएफसी के निदेशक मंडल के साथ बातचीत की है और इन अपेक्षाओं को साझा किया है, तथापि यह भी आवश्यक है कि आश्वासन कार्यों के प्रमुख के रूप में आप में से प्रत्येक व्यक्ति इस तरह से आचरण करें, कि स्वायत्तता में कमी या उससे समझौता न हो।

ग्राहकों के प्रति निष्पक्ष एवं पारदर्शी आचरण

ग्राहक सुरक्षा आरबीआई में नीति निर्माण के मुख्य तत्वों में से एक है। वित्तीय सेवा उद्योग की सेवा-उन्मुख प्रकृति को देखते हुए, ग्राहकों के हितों की सुरक्षा हमारी विनियमित संस्थाओं की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर होनी चाहिए।

ग्राहकों के बीच भरोसा और आत्मविश्वास बनाने के लिए मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता आवश्यक है। सिद्धांत-आधारित विनियमनों के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता के प्रति, आरबीआई ने एनबीएफसी के बोर्ड को ऋणों के बेंचमार्किंग और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता दी है, लेकिन इस संबंध में मास्टर निर्देश स्पष्ट रूप से बताते हैं कि एक निश्चित स्तर से परे दरें अत्यधिक मानी जा सकती हैं जिन्हें न तो बरकरार रखा जा सकता है और न ही उन्हें सामान्य वित्तीय अभ्यास के अनुरूप माना जा सकता है। इसलिए, अत्यधिक दरें पर्यवेक्षी जांच को आमंत्रित करेंगी।

पिछले साल हमारी ऑनसाइट जांच के दौरान, हमने कई संस्थाओं द्वारा ब्याज वसूलने में अनुचित व्यवहार के मामलों की पहचान की। इनमें ऋण के वास्तविक वितरण के बजाय ऋण स्वीकृति या करार के निष्पादन की तारीख से ब्याज वसूलना, चेक के माध्यम से वितरित ऋणों के लिए चेक की तारीख से ब्याज वसूलना, जबकि चेक ग्राहकों को बहुत बाद में सौंपे गए थे और जिस अवधि के लिए ऋण वास्तव में बकाया था, उसके बजाय पूरे महीने के लिए ब्याज वसूलना शामिल है। इसके अतिरिक्त, कुछ एनबीएफसी ने अग्रिम किस्तें एकत्र कीं, लेकिन ब्याज की गणना पूरी ऋण राशि के आधार पर की।

जहाँ भी ऐसी प्रथाएँ प्रकाश में आईं, आरबीआई ने इन पर्यवेक्षित संस्थाओं को ऐसे अतिरिक्त शुल्क वापस करने का

निर्देश देने सहित कार्रवाई शुरू की है। हालाँकि, आश्वासन कार्यों के प्रमुख के रूप में, आप में से प्रत्येक का यह दायित्व है कि आप अपने-अपने संगठनों में विवेक के संरक्षक के रूप में कार्य करें और सुनिश्चित करें कि आपकी संस्थाओं में ऐसी कोई अनुचित प्रथाएँ प्रचलित न हों जो आपके ग्राहकों के लिए हानिकारक हो सकती हैं।

सार्थक आश्वासन कार्य का महत्व

आश्वासन प्रयासों, विशेष रूप से आंतरिक लेखा परीक्षा और अनुपालन को केवल बॉक्स-टिकिंग अभ्यासों से आगे बढ़कर समस्या के मूल कारणों का समाधान करना चाहिए। सतही स्तर की जाँच से आगे जाकर, आश्वासन कार्य समस्याओं के मूलभूत कारकों को उजागर कर सकते हैं, जिससे अधिक प्रभावी और टिकाऊ समाधान लागू किए जा सकते हैं। यह सक्रिय दृष्टिकोण न केवल जोखिमों को कम करने में मदद करता है बल्कि संगठनात्मक लचीलापन भी बढ़ाता है और निरंतर सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

हमने यह भी देखा है कि विनियमों को दरकिनार करने के लिए बाजार में कुछ गुमराह करने वाली व्याख्याएँ हैं, जो वित्तीय प्रणाली की सुदृढ़ता के प्रति गंभीर खतरा पैदा करती हैं। जब व्यक्ति या विनियमित संस्थाएँ अपने लाभ के लिए विनियमनों की व्याख्या करना शुरू करती हैं, तो इससे विनियामकीय ढाँचों का प्रभाव कमज़ोर हो जाता है और बाजार की स्थिरता और निष्पक्षता प्रभावित होते हैं। इस तरह की प्रथाएँ वित्तीय क्षेत्र में विश्वास और भरोसे को खत्म करती हैं, जिससे उपभोक्ता, निवेशक और समष्टि-अर्थव्यवस्था, संभावित रूप से, जोखिम और कमज़ोरियों का शिकार हो सकते हैं। आरबीआई का पर्यवेक्षण ऐसे लेन-देन की विधिक रूप से समीक्षा करेगा। अगर हमें विनियमों को दरकिनार करने के ऐसे मामलों का सामना करना पड़ता है, तो हम उचित पर्यवेक्षी कार्रवाई शुरू करने में संकोच नहीं करेंगे, जैसा कि हमारे कुछ हालिया कार्यों से परिलक्षित भी हुआ है।

निष्कर्ष

अपनी बात समाप्त करने से पहले, मैं आश्वासन कर्मियों के लिए सभी नवीनतम घटनाक्रमों से स्वयं को अवगत रखने के महत्व पर प्रकाश डालना चाहूँगा। वित्त और विनियमन के तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में, नई चुनौतियाँ, जोखिम और अवसर अविश्वसनीय आवृत्ति के साथ उभर रहे हैं, इसलिए कौशल समूह के निरंतर उन्नयन के साथ-साथ लगातार सतर्कता की आवश्यकता है।

निष्कर्षत: जोखिम प्रबंधन, आंतरिक लेखा परीक्षा और अनुपालन वित्तीय संस्थान के विकास की स्थिरता सुनिश्चित करने और हितधारकों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक हैं। यदि हम वित्तीय पतन के वैश्विक इतिहास को देखें, तो यह स्पष्ट है कि वित्त की दुनिया में विश्वास सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। "शब्द और भावना" में कार्यान्वित किए जाने वाले मेहनती आश्वासन कार्यों की अनुपस्थिति में, हितधारकों के विश्वास के टूटने का खतरा लाजिमी है और अंततः वित्तीय संस्थान के पतन का कारण बन सकता है।

आज के संबोधन में, मैंने साइबर सुरक्षा खतरों से लेकर चलनिधि चुनौतियों और विनियामकीय अनुपालन के मामलों तक एनबीएफसी के सामने आने वाले जोखिमों की बहुआयामी प्रकृति को शामिल करने का प्रयास किया है। इन जटिलताओं का सामना करते हुए, एनबीएफसी के लिए आश्वासन हेतु एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना अनिवार्य है - एक ऐसा दृष्टिकोण जो केवल बॉक्स-टिकिंग अभ्यासों से परे हो और मूल कारणों से निपटने में गहराई से जाए। सार्थक आश्वासन प्रथाओं को अपनाने से, एनबीएफसी दुर्बलताओं की पहचान कर सकते हैं और आंतरिक नियंत्रण को मजबूत कर सकते हैं, साथ ही जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम कर सकते हैं। इस प्रकार वे अपनी परिचालन सुदृढ़ता भी बढ़ा सकते हैं और सभी हितधारकों के हितों की रक्षा कर सकते हैं।

धन्यवाद !